Australian Government
Department of Education and Training

वयस्क प्रवासियों के लिए अंग्रेज़ी के कार्यक्रम (Adult Migrant English Program) के माध्यम से अंग्रेज़ी सीखें

Adult Migrant English Program

अंग्रेज़ी ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय भाषा है। ऑस्ट्रेलिया में लोग कई भाषाएँ बोलते हैं, पर अंग्रेज़ी बोलने और समझने से आपको ऑस्ट्रेलियाई जीवन में पूरी तरह से भाग लेने में मदद मिलेगी। अंग्रेज़ी के बिना, आपको ऑस्ट्रेलियन सिटिजनशिप (ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता) हासिल करने, महत्वपूर्ण सेवाएँ प्राप्त करने और स्वतंत्र बनने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

अंग्रेज़ी सीखने में आपकी मदद करने के लिए, हो सकता है कि आप Adult Migrant English Program (AMEP) में भाग लेने के योग्य हों।

AMEP क्या होता है?

AMEP को धन-राशि ऑस्ट्रेलियाई सरकार (Australian Government) से मिलती है और यह पात्र प्रवासियों और मानवतावाद के आधार पर प्रवेश करने वाले लोगों को 510 घंटे तक अंग्रेज़ी भाषा के नि:शुल्क लेसन प्रदान करती है। यदि आपको परमानेंट वीज़ा या पात्र टेम्परेरी वीज़ा दिया गया है और आप बहुत कम या बिल्कुल भी अंग्रेज़ी नहीं बोलते/बोलती हैं, तो हो सकता है कि आप AMEP के लिए पात्र हों। 15 से 17 साल की आयु वाले कुछ प्रवासी युवा भी इसके पात्र हो सकते हैं।

AMEP क्लास में, आप अंग्रेज़ी भाषा के कौशल और ऑस्ट्रेलियाई समाज के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। आप आने वाले अन्य नए लोगों से मिलेंगे और हो सकता है कि आप नए मित्र बनाएँ। इन दोनों के परिणामस्वरूप आपको और आपके परिवार को ऑस्ट्रेलिया में सफलतापूर्वक बसने में मदद मिलेगी। यदि आप ऑस्ट्रेलिया में काम करना चाहते/चाहती हैं तो भी अंग्रेज़ी भाषा के कौशल बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

AMEP अनुमोदित सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान किया जाता है और यह उन अध्यापकों द्वारा पढ़ाया जाता है जो अन्य भाषाएँ बोलने वाले लोगों को शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षित होते हैं।

मैं इसके लिए अपना नाम कैसे लिखवाऊँ?

AMEP के द्वारा अंग्रेज़ी भाषा की ट्यूशन प्राप्त करने के लिए, आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप ऑस्ट्रेलिया में आगमन करने या वीज़ा की शुरूआत होने के छः महीने में किसी अनुमोदित AMEP सेवा प्रदाता के साथ अपना नाम रजिस्टर करें। यह ज़रूरी है कि आपको ऑस्ट्रेलिया आने या अपना वीज़ा शुरू होने के 12 महीनों में अंग्रेज़ी की कक्षाओं में भाग लेना शुरू कर देना चाहिए।

आपके पास AMEP के द्वारा अंग्रेज़ी सीखने के लिए ऑस्ट्रेलिया में आगमन करने या वीज़ा शुरू की तिथि से लेकर पांच साल तक का समय होता है। आपकी ज़रूरतों पर निर्भर करते हुए आप अतिरिक्त लेसनों के लिए पात्र हो सकते/सकती हैं।

आपका सेवा प्रदाता आपको किसी ऐसी क्लास का चयन करने में मदद देगा जो आपकी ज़रूरतों के लिए सबसे उपयुक्त होगी ताकि आपके लिए श्रेष्ठ संभव परिणाम सुनिश्चित करने में मदद दी जा सके। अलग-अलग समय और अलग-अलग स्थानों पर फुल-टाइम और पार्ट-टाइम क्लासों का प्रबंध है ताकि आप अपने लिए उपयुक्त किसी समय और स्थान पर सीख सकें।

ट्यूशन के वर्ग

आपकी ज़रूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए, आपका AMEP सेवा प्रदाता आपको ट्यूशन के दो वर्गों से किसी एक वर्ग का चयन करने में आपकी मदद करेगा:

- रोज़गार से पहले के लिए अंग्रेज़ी का वर्ग - उन उपभोक्ताओं के लिए जो कार्यक्षेत्र में भाग लेने के लिए कार्यात्मक अंग्रेज़ी सीखना चाहते हैं या जो अंग्रेज़ी में आगे का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं जिससे शायद उन्हें एक सुस्थिर रोज़गार प्राप्त हो सके।
- सामाजिक अंग्रेज़ी के लिए वर्ग - उन उपभोक्ताओं के लिए जो वार्तालाप संबंधी अंग्रेज़ी में अपनी दक्षता को बेहतर बनाना चाहते हैं ताकि उन्हें अपने स्थानीय समुदाय में सामाजिक रूप से भाग लेने और स्वतंत्र रूप में रहने हेतु आत्म-विश्वास प्राप्त करने में मदद मिल सके।

आप अपने वैधानिक150 घंटों की पात्रता का प्रयोग इन दोनों में से किसी एक वर्ग या दोनों वर्गों में संयुक्त रूप से कर सकते/सकती हैं।

पारस्परिक दायित्वों की ज़रूरतों के साथ आय सहायता भुगतान प्राप्त करने वाले उपभोक्ता सामाजिक अंग्रेज़ी वर्ग के लिए पात्र नहीं होंगे।

यदि मैं क्लास में नहीं जा सकता/सकती हूँ तो क्या होगा?

यदि आप अपनी क्लास में नहीं जा सकते/सकती हैं, तो अपने AMEP सेवा प्रदाता से बात करें। हो सकता है कि सेवा प्रदाता आपको घर पर आकर पढ़ाने वाले शिक्षक के साथ या AMEP अध्यापक-सहायता प्राप्त डिस्टेंस लर्निंग के साथ ऑनलाइन अंग्रेज़ी सीखने में आपकी मदद करने में सक्षम हो सके।

आप www.amepdl.net.au पर उपलब्ध AMEP सेल्फ-पेस्ड ई-लर्निंग माड्यूल्स का प्रयोग करके अपनी खुद की गति से भी सीख सकते/सकती हैं। यह निःशुल्क लेसन हर किसी के लिए उपलब्ध हैं (न कि केवल AMEP के उपभोक्ताओं के लिए) ताकि लोगों को अंग्रेज़ी सीखने में मदद मिल सके।

AMEP उप कार्यक्रम

यदि आपकी कोई विशेष ज़रूरतें हैं तो आप अतिरिक्त ट्यूशन के लिए पात्र हो सकते/सकती हैं।

विशेष प्रारम्भिक कार्यक्रम (Special Preparatory Program)

Special Preparatory Program (SPP) मानवतावाद के आधार पर प्रवेश करने वाले उन पात्र लोगों को अतिरिक्त घंटे और सहायता प्रदान करता है जिनका प्रवास-पूर्व अनुभव कठिन होता है और जिन्होंने स्कूली पढ़ाई बहुत कम की होती है।

रोज़गार और प्रशिक्षण के लिए अवस्थापन भाषा पथ (Settlement Language Pathways to Employment and Training)

Settlement Language Pathways to Employment and Training (SLPET) कार्यक्रम पात्र विद्यार्थियों को रोज़गार केन्द्रित कोर्स उपलब्ध कराता है ताकि उन्हें ऑस्ट्रेलियाई कार्यक्षेत्र से जुड़ी संस्कृति और अभ्यासों से परिचित होते हुए व्यवसाय विशिष्ट अंग्रेज़ी सीखने में मदद मिल सके।

SLPET 200 घंटे तक की अतिरिक्त व्यवसाय-विशिष्ट अंग्रेज़ी भाषा की ट्यूशन प्रदान करता है, इसमें अलग-अलग प्रकार के उद्योगों में 80 घंटे की कार्य अनुभव संबंधी प्लेसमेंट शामिल है।

AMEP एक्सटेन्ड (Extend)

AMEP Extend कार्यक्रम उन पात्र विद्यार्थियों को 490 घंटे तक की अतिरिक्त ट्यूशन प्रदान करता है जो अंग्रेज़ी भाषा की दक्षता के अपने लक्ष्यों को प्राप्त किए बिना अपनी 510 घंटे की पात्रता पूरी करते हैं।

AMEP चाइल्ड केयर (AMEP child care)

जब आप क्लास में भाग ले रहे/रही हों तो आपका AMEP सेवा प्रदाता आपके बच्चों के लिए नि:शुल्क चाइल्ड केयर की व्यवस्था कर सकता है। नि:शुल्क चाइल्ड केयर केवल स्कूली आयु से कम वाले बच्चों के लिए उपलब्ध है।

AMEP पथ मार्गदर्शन (AMEP pathway guidance)

AMEP सेवा प्रदाता आपको लक्ष्य निर्धारित करने, आपके विकल्पों को समझने और आपकी ट्यूशन, आगे की शिक्षा और रोज़गार के अवसरों से सम्बन्धित फैसले लेने में आपकी मदद करने के लिए पथ मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए

AMEP	संपर्क विवरण
टेलीफोन	13 38 73
AMEP की वेबसाइट	www.education.gov.au/amep
ई-मेल	skilling@education.gov.au
अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में सूचना	www.education.gov.au/amep-information-other-languages
मैं अंग्रेज़ी कहाँ से सीख सकता/सकती हूँ? **AMEP प्रदाता और शिक्षण केन्द्र**	www.education.gov.au/adult-migrant-english-program-service-providers
AMEP ऑनलाइन	www.amepdl.net.au